### खबर संक्षेप

## उप मुख्यमंत्री को किया कलेंडर भेंट



**सतना।** प्रदेश का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन म.प्र द्वारा प्रकाशित नव वर्ष के 12 पेज का कलरफुल कैलेण्डर म.प्र.के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को भेंट किया इस कलेंडर में महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ साथ पूरे म.प्र.के सभी जिलों,सभी 428 तहसीलों के पदाधिकारियों के मोबाइल न. अंकित किये गए हैं। आप घर बैठे पूरे प्रदेश के लोगो से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल,प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता,संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन रीवा जिला,अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,जिला मंत्री विष्णु गुप्ता सहित काफी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर



**सतना।** कोलगवां थाना के बैतुल फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवारी युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया है।

## नजीराबाद में आग से जलकर कार हुई खाक



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नजीराबाद इलाके में एक कार आग से जलकर खाक हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई है अभी तक यह पता नहीं चला है कि कार में आग लगी है या फिर किसी ने लगाई है फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

## जमीन के दावे को लेकर कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को जांच करने की लिए भेजा

**मैहर।** मैहर के बुजुर्ग व्यापारी पीताम्बर लाल हलवाई पिता पंचमलाल हलवाई उम्र 75 वार्षिय ने मैहर कलेक्टर रानी बाटड को जनसुनवाई के दौरान लिखित तौर पर शिकायत कि गई। शिकायत में पीताम्बर लाल ने बताया कि मां शारदा मंदिर रोड पर वांर्ड क्रं 01 हनुमान टोला का स्थाई निवासी हूं और विगत 8 माह पूर्व अपनी जमीन 168/1/1 के पास बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य करवा रहा था तब रामराज त्रिपाठी ने खुद को भू स्वामी बताते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई। रोक लगाने के बाद मैहर तहसील में सीमांकन के लिए आवेदन किया गया जिसके बाद तहसीलदार जितेन्द्र पटेल के द्वारा एक जांच टीम का गठन कर भूमि का सीमांकन किया गया और जिसमे पीताम्बर लाल हलवाई को भू स्वामी बताया गया। इसके बाद कल दिनांक को पुन निर्माण कार्य किया जा रहा है तो मैहर थाने से दो सिपाही पहुंच कर निर्माण कार्य पर रोक लगाई जा रही है जिसे देखते हुए आज मैहर कलेक्टर के पास पहुंच कर हो रही असुविधा के निराकरण के लिए दिया गया साथ ही पीताम्बर ने बताया कि मैहर कलेक्टर ने दिये हुए आवेदन पर कार्यवाही करते हुए मैहर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक को जांच के लिए सौंपा गया।

## श्रीराम की चरण पदुका की स्थापना की गई

**मैहर।** बड़ा अखाड़ा मैहर में मंगलवार श्रीराम गवन स्थल श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान न्यास में भगवान श्रीराम की चरण पादुका की स्थापना की गई।



## मूर्ति का माधवगढ़ की नदी में किया विसर्जन

# भाजपा कार्यालय में श्री राम महोत्सव का धूमधाम के साथ किया समापन

**सतना।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के तारतम्य में स्थानीय भरहुतनगर स्थित भाजपा कार्यालय में स्थापित भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा का विसर्जन पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाल कर माधवगढ़ स्थित टमस नदी में किया गया। ज्ञातव्य है कि भाजपा कार्यालय में मकर संक्रांति के दूसरे दिन 16 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना जिला भाजपा अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विधिविधान पूर्वक की गयी थी। कार्यकर्ताओं द्वारा उसी दिन से नियमित रूप से सुबह-शाम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पूजा-अर्चना,आरती की जा रही



थी।साथ ही मानस पाठ,सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन भी किया गया।महाआरती में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासियों ने भी हिस्सा लेकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाये और पुण्य लाभ अर्जित किया।अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ भाजपा का श्रीराम मंदिर निर्माण का संकल्प 22 जनवरी को पूर्ण होने के उपरांत मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित अनुष्ठान का विधिवत पूजन-हवन के साथ समापन किया गया। तदोपरांत प्रतिमा की विसर्जन यात्रा भरहुतनगर से प्रारंभ हुई,जो माधवगढ़ नदी पहुंच कर समाप्त हुई। इस यात्रा में पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी,भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा,मंडल अध्यक्ष संजय तीर्थवानी,ऋषभ सिंह छोटू,रमाकांत गौतम आदि उपस्थित रहे।

# रामराज्य में जनसेवा के साथ गौ सेवा

**सतना।** श्री राममय होकर जब पूरी दुनिया 22 जनवरी को श्रीराम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को मनाने में लगी थी,तभी कुछ संस्थाओं ने पूरे शहर की गौ माता को सेब फल और गुड़ खिलाने का एवं श्रीराम उत्सव में गौमाता को भी इस उत्सव का अंश बनाने का प्रण लिया। श्री सर्वसमाज,श्री गौ सेवा मेडिकल संस्थान, जयस्तंभ चौक व्यापारी संघ,बाल अनाथालय सतना,कृष्णा नगर व्यापारी संघ एवं स्टेशन रोड व्यापारी संघ द्वारा संयुक्त कार्यक्रम तय किया गया,जिसमे सभी संस्था के पदाधिकारियों ने अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम 3 से 5 बजे तक कृष्णा नगर में श्रीराम खीर प्रसाद के रूप में सभी आम जनमानस को वितरण की गई। इसके पश्चात कृष्णा नगर से सतना नगर भ्रमण के पूर्व श्री हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और सभी ने हाथ में दिया बाती,फल सेब,गुड़ के थैले ले कर निकल पड़े और नगर भ्रमण के रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों में दिए जलाते गए। सभी गौ माता को सेब फल और गुड़ प्रसाद का भोज कराते गए,इसी राह में आतिशबाजी भी पूरे रास्ते चलती रही,जिससे दीपावाली



उत्सव जैसा अनुभव सभी को मिलता रहा। शहर भ्रमण के समय रास्ते में सभी दुकानदार को पत्रक देने के बहाने दिया बाती लगाने और उत्सव भव्यता के साथ मनाने की बात सभी रामभक्त कहते चल रहे थे। रास्ते में छोटे ठेले व माध्यम दुकानदारों को दिया तेल वितरण भी किया गया,जिससे अपनत्व का भाव एक दूसरे के प्रति बनता नज़र आया। यह उत्सव हमारी दिवाली जैसा वातावरण बनाता चला गया व अंत में पूरे शहर का भ्रमण करते हुए हनुमान चौक में श्री हनुमान मंदिर पर महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस पूरे क्रमबद्ध कार्यक्रम में रामचरण गुप्ता,संजय शाह,धर्मेंद्र गोयल, आशीष मोंगिया,अशोक खनेचा, राकेश रैकवार,उमेश दुबे, विपुल हांडा,वर्धमान जैन,आशीष अग्रवाल,मधु सुदन गुप्ता, रोहित अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, सतीश सुखेजा, बब्बल अवतानी, मनीष अग्रवाल नवीन गुप्ता, जे एस बग्गा, संजय आहूजा, मनोहर सुहानी,भोलू भाई, प्रणामी, प्रियांशु गौतम,अजय अग्रवाल मीनू, विपिन अग्रवाल, कपिल वर्मा, कुंजन वर्मा, मनोज कापड़ी, राजीव विश्वकर्मा,कमली विश्वकर्मा आदि लोग गौमाता की सेवा में लगे रहे।

# हरियाणा पुलिस का सतना में छापा, शंकर कॉलोनी में एक युवक को लिया हिरासत में

**सतना।** मंगलवार को सतना पहुंची हरियाणा पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया और अपने साथ उसे ले गई। मिली जानकारी की मुताबिक पुलिस की टीम ने सुबह लगभग 10:15 बजे सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गौशाला चौक के निकट केदार पटिया वाले के सामने स्थित शंकर कॉलोनी में युवक के घर में दबिश दी और उसे हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि युवक बैंक खातों को जनरेट करता है और उसका मोबाइल सिम का भी बड़ा कारोबार है। जिसमें कुछ अपराध होने पर पुलिस उसे पकड़ने के लिए सतना पहुंची थी। सूत्र यह भी बताते हैं कि युवक सतना के बाहर



था और 2 दिन तक पुलिस उसे खोज रही थी। सुबह जैसे ही युवक घर के भीतर पहुंचा,पुलिस ने उसे तत्काल घर के अंदर से दबोच कर हिरासत में ले लिया। सूत्रों के मुताबिक चार सदस्यीय पुलिस टीम युवक को लेकर काफी देर तक सिटी कोतवाली के बाहर रुकी रही। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि उसके पास फिलहाल किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है।

# नगर गौरव दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

**सतना।** नगर गौरव दिवस का दो दिवसीय आयोजन 24-25 जनवरी को आनंद उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। नगरपालिक निगम सतना के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताओं के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक हास्य कवि शंभू शिखर होंगे तो संगीतमयी शाम में मशहूर गायिका पलक पुच्छल अपने सुरों का जादू बिखेरेंगी। बताया जाता है कि हर वर्ष 25 जनवरी को नगरनिगम का स्थापना दिवस गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है,लेकिन इस वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की वजह इस वर्ष का नगर गौरव दिवस दो दिवसीय 24 एवं 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इन दो दिनों में नगर निगम द्वारा पूरे किए जा चुके प्रोजेक्टों में शामिल संतोषी माता तालाब में किए जाएगें। जबकि अन्य कार्यक्रम बीटीआई ग्राउंड में आयोजित किये जा रहे हैं।आनंद उत्सव के इस कार्यक्रम में पंतगबाजी प्रतियोगिता,उत्सव पेंटिंग प्रतियोगिता,मैहर बैण्ड की प्रस्तुती के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नगरनिगम आयुक्त अभिषेक गहलोत ने सभी शहरवासियों को नगर गौरव दिवस में सम्मिलित होकर इस आनंद उत्सव का मान बढ़ाने की अपील की है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह से 11 बजे से 2 बजे तक एवं द्वितीय पाली के कार्यक्रम सायं 7 बजे से शुरू होंगे।

### बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे डिप्टी सीएम श्री शुक्ला, मोटल-कैफे का करेंगे लोकार्पण

डिप्टी सीएम श्री शुक्ला द्वारा नगर-निगम द्वारा बस स्टैण्ड पर इंदौर की तर्ज में बनाए गए मोटल कैफे का लोकापर्ण करने के साथ ननि द्वारा पूर्ण हो चुके कार्यो का लोकापर्ण एवं प्रस्तावित कार्यो का भूमि पूजन भी किया जाएगा। मोटल कैफे के संबंध में बताया गया है कि यह देश का पहला ऐसा कैफे होगा जहां इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिग की व्यवस्था भी मौजूद है। फिलहाल नगरनिगम ने स्टार्टअप कम्पनी को अपनी जमीन एरिया किराए पर दिया है। जिस पर पूरा निमार्ण संबंधित कम्पनी का है।

## रामनगर नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी

सतना।रामनगर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिये मंगलवार हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती दीपा मिश्रा धर्मपत्नी दीपक मिश्रा विजयी घोषित हुईं। श्रीमती मिश्रा को नगर परिषद के 8 सदस्यों का मत प्राप्त हुआ। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी भाजपा उम्मीदवार श्रीमती सुनीता पटेल पत्नी रामसुशील पटेल 7 मत प्राप्त करके चुनाव हार गयीं। विजयी उम्मीदवार दीपा मिश्रा को एसडीएम रामनगर डॉ.आरपी सिंह द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नगर परिषद कार्यालय से समर्थकों द्वारा विजयी उम्मीदवार श्रीमती दीपा मिश्रा का विजय जुलूस नगर भ्रमण के लिये निकाला गया। जिसमें कांग्रेस पार्षदों के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा आमजन भी शामिल रहे। जुलूस के दौरान श्रीमती मिश्रा का रामनगर में कई जगह स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि संदीप गुप्ता एवं रामभुवन पटेल द्वारा रामसुशील पटेल एवं सुनीता पटेल के निर्वाचन के विरुद्ध गत दिनों एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत याचिका पर पति-पत्नी का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद नगर परिषद के पार्षद पद हेतु पुनः हुये निर्वाचन में पति-पत्नी रामसुशील पटेल एवं सुनीता पटेल चुन लिये गये थे।

# अवैध पिस्टल एवं कट्टा रखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सतना।** सिंहपुर थाना पुलिस ने अवैध पिस्तौल और कट्टा रखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिले जानकारी के मुताबिक 23 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राहुल सिंह निवासी टीकर वाला जो अपनी अहरी महतैन में बनाया है। उसी अहरी में एक देशी कट्टा लिये है। तथा उसका साथी एक और है जो लोहे का बका लिये बैठा है जो कभी भी किसी समय किसी घटना को घटित कर सकते है।मुखविर की इस सूचना को तस्दीक हेतु हमराह बल एवं साक्षियों के रवाना होकर राहुल सिंह निवासी टीकर की अहरी महतैन पहुंचा तब तक थाना प्रभारी द्वारा हमराह बल के साथ मौके पर पहुंचे।वहां पर एक व्यक्ति कुर्सी में बैठा हाथ में देशी कट्टा लिये दिखा तथा दूसरा व्यक्ति अपने हाथ में लोहे का बका लिये चारपाई पर बैठा दिखा पुलिस बल के द्वारा घेराबन्दी कर पकडा गया व उनके हाथ में लिये कट्टा व बका को अपने अभिरक्षा में लिया जाकर कट्टा (पिस्टल) के मैग्जीन को खोल कर देखा गया तो उसके अन्दर दो जिन्दा कारतूस पाये गये। जिन्हे साक्षियों के समक्ष खाली किया जाकर उनसे नाम पता पूछा गया,तो पहले ने अपना नाम राहुल सिह उर्फ भागवेन्द्र सिह पिता बृजमोहन सिह उम्र 32 वर्ष निवासी टीकर थाना सिंहपुर जिला सतना म.प्र.का तथा दूसरे ने अपना नाम हिमान्शू सिंह उर्फ सुज्जु पिता धीरेन्द्र सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी अकौना




बरेठिया थाना नागौद का होना बताया जिनसे उक्त कट्टा एवं बका रखने का लाइसेन्स चाहा गया जो नही होना बताया जो धारा 25बी एवं 25,27 आर्म्स एक्ट तथा डकैती प्रभावित क्षेत्र होने से धारा 11/13 ए.डी.एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से पिस्टल एवं लोहे का बका जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया,आरोपी राहुल सिंह उर्फ भागवेन्द्र सिह से देशी कट्टा (पिस्टल) के बारे में पूछताछ की गई जो पूछताछ के दौरान बताया कि दिनांक 22 जनवरी को रात्रि करीब 22.30 बजे राजन सिंह निवासी करही थाना सिविल लाइन सतना घर आया था उसी ने पिस्टल एवं दो जिन्दा कारतूस दिया है। जिसका मेमोरन्डम उपरोक्त साक्षियों के समक्ष तैयार किया गया तथा उपरोक्त दोनो आरोपियों का गिरफ्तारी का कारण बताते हुये मौके पर गिरफ्तार किया जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया एवं आरोपी राजन सिंह करही की पता तलाश की गई जो दस्तयाब नही हुआ वापसी पर अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी राजन सिंह करही की पता तलास जारी है। जब्त सामग्री में 1 नग पिस्टल व जिंदा कारतूस तथा 01 नग लोहे का बका कुल कीमती 20,300 रुपए का समान है। फरार आरोपी राजन सिंह पिता उदयभान सिंह निवासी करही थाना सिविल लाइन की तलाश की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर,सउनि सरोज रावत, सउनि दीपक वर्मा,सउनि देवेन्द्र मिश्रा,सउनि अमृतलाल वर्मा,प्रआर राजेश दुबे,आर. पुष्पेन्द्र सिंह,अमितेश जायसवाल, रजनीश सिंह,सै.वीरेन्द्र त्रिपाठी की भूमिका महत्वपूर्ण सही।

# केजेएस इच्छापूर्ति धाम में हुआ सस्वर सुन्दरकाण्ड पाठ एवं मनोहारी दीपोत्सव



**सतना।** केजेएस सीमेंट राजनगर मैहर के इच्छापूर्ति मंदिर में सस्वर सुन्दरकाण्ड के आयोजन के बाद मनोहारी दीपोत्सव मनाया गया। अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के आयोजन के उपलक्ष्य में सोमवार को मैहर में समूचे इच्छापूर्ति धाम को फूलों एवं रंगीन रोशनियों से सजाया गया। इस मंदिर में मां दुर्गा,भगवान लक्ष्मी नारायण,गौरीशंकर,हनुमान जी एवं राम दरबार के दिव्य विग्रह विराजमान हैं। श्रीराम दरबार झांकी की खासतौर से सजावट की गई। केजेएस सीमेंट के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों सहित भारी संख्या में बाहर से आए दर्शनार्थियों ने यहां दीपोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समस्त मंदिर परिसर राम-नाम के जयकारों से गूंज उठा। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी निरंजन शर्मा ने बताया कि केजेएस मंदिर का निर्माण राजस्थान के उसी बंशी पहाड़पुर क्षेत्र के बेशकीमती पत्थर से हुआ है जो पत्थर अयोध्या में रामलला के मंदिर में भी इस्तेमाल किया गया है। पहाड़पुर के इस पत्थर की खासियत है कि यह हजारों सालों तक खराब नहीं होता और न ही इसकी चमक पर कोई असर पड़ता है। केजेएस सीमेंट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया के संरक्षण एवं निर्देशन में कार्यकारी निदेशक कर्नल (रि.) नीरज वर्मा ने अपने अधीनस्थों सहित सोमवार को दिनभर चले पूजा पाठ व दीपोत्सव का सफल आयोजन किया। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी कुशल सिंह सिंघवी,राजपाल सिंह राणा,टीसी जैन, बीके त्रिपाठी,विजय सिंह राठौड़, अनिल राय, सत्येंद्र राय, धीरज श्रीवास्तव, बिरंचि गाइन, वैभव श्रीवास्तव, डॉ.टीएस बघेल, मुनेन्द्र मिश्रा, अखिलेश सिंह,डॉ विपिन सिंह पुंढीर, रवि मिश्रा, प्रकाश करण एवं अशोक भट्ट आदि सपरिवार आयोजन में शरीक हुए। एचआर विभाग के महा प्रबंधक राजेश



शर्मा,विवेक मिश्रा,पियूष त्रिपाठी,स्वपना जैन, मनीष सिंह मोनू, ब्रजेन्द्र तिवारी, धीरज शुक्ला, रोहण सिंह यादव, अजयकांत त्रिपाठी एवं सेफ्टी विभाग के कर्मचारियों का आयोजन को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान रहा।

खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**पन्ना।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 24 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 2.30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में खाद्यान्न वितरण, सहकारिता विभाग की नागरिक सेवाओं, खाद-बीज की उपलब्धता, हैण्डपम्प व पेयजल समस्या तथा विद्युत वितरण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा वन सुरक्षा और आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख कार्यों की भी समीक्षा होगी। बैठक में श्रम विभाग अंतर्गत संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व मनरेगा अंतर्गत लेबर बजट एवं स्वीकृत कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में संबंधितजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में आयोजित हुई परीक्षा पर चर्चा 2024 पर आधारित पेंटिंग



**पन्ना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के बहुप्रसिद्ध कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में पन्ना जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर परीक्षा के प्रति अपने मन की भावनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरा। जिसमें पन्ना जिले के 14 विद्यालयों में से कक्षा 9 से 12 तक के कुल 78 विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में प्रातः 11:00 बजे से लेकर अपराह्न 02:00 बजे तक आयोजित की गई। इस पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय था- भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिए गए परीक्षा योद्धाओं को मंत्र, परीक्षा उमंग एवं उल्लास से मनाइए, अच्छी नींद, सफलता के मंत्र, अभ्यास से बढ़ेगा आत्मविश्वास, जीवन को जाने स्वयं को पहचाने, अतुल्य भारत- घूमिए और जानिये,चंद्रयान में भारत की सफलता, विकसित भारत की उपलब्धियां, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती पराक्रम दिवस के रूप में तथा आदित्य स1 मिशन आदि विषयों पर आधारित थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एच. एस. शर्मा (पूर्व प्राचार्य छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना) तथा कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में केशव चौरसिया, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान तथा राविन्द्र खरे (कला विशेषज्ञ) थें। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न कहानियों के माध्यम से परीक्षा से न घबराने तथा डटकर सामना करने की सीख दी गयी, निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतियोगिता की विषयवस्तु को विद्यार्थियों को समझाया एवं श्री प्रदीप पाण्डेय ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान जिसमे उनके द्वारा आजाद हिन्द फ़ौज सेना का गठन, तथा उनके नारे तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा का उल्लेख कर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का प्रसार किया गया उनका यह जन्मदिवस पराक्रम दिवस के रूप में भीं मनाया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पाँच पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए जिसमे - विनय कुमार (डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पन्ना), मुस्कान वर्मा (सीएम राईज पन्ना), आयशा सोनी (डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पन्ना), देवांशी लोध (डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पन्ना), देवांशी पाण्डेय (पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना) पुरस्कार वितरण विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित दाहिया के कर कमलों द्वारा किया गया, तथा इस प्रतियोगिता में आये सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी विद्यालय के कला शिक्षक श्री पुष्पेन्द्र प्रजापति ने विभिन्न विद्यालयों से आये अनुरक्षक शिक्षकों, विद्यार्थियों, निर्णायकों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



# वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



### वनपरिक्षेत्र सलेहा में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

**सलेहा।** मध्यप्रदेश इकोपर्यटन विकास बोर्ड द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को प्राकृतिक स्थल में मनोरंजन के साथ प्रकृति के विभिन्न आयामो को जानने ,सीखने तथा रोमांच का अवसर प्रदाय करने हेतु अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है अनुभूति के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के सानिध्य का अनुभव कराया जाता है जिससे प्रकृति संरक्षण में ये संवाहक का कार्य सकेंगे और जनसामान्य में वन, वन्यप्राणी एवम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने में प्रमुख भूमिका निर्वहन करेंगे। इसी तारतम्य में दिनांक 21 जनवरी को दक्षिण वन मण्डल पन्ना के सलेहा वन परिक्षेत्र के शाउमा विद्यालय पटना तमोली, सीएम राइस स्कूल गुनौर,शासकीय हाई स्कूल धरवारा एवं शासकीय हाई स्कूल असोनी के 130 स्कूली विद्यार्थियों को प्रकृति परिचय एवमं वन्यजीवों व पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने तथा इनके संरक्षण व संवर्धन के लिए अनुभूति कार्यक्रम सोनई बीट में आयोजित किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने प्रकृति को करीब से देखा और जंगल की सैर की जिससे बच्चे बहुत उत्साहित और रोमांचित नजर आए जंगल में विद्यार्थियों ने घास से लेकर विभिन्न प्रकार के बृक्षो के प्रत्यक्ष देखा जैसे आचार ,बहेड़ा,आंवला,महुवा, धावड़ा,खैर और तेंदू आदि के महत्व को जाना और वनोपज के साथ औषधीय वृक्षों को भी जाना। कीटों में दीमक से लेकर पक्षी और बाघ तक के महत्व को जाना। वनस्पतियों, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण से संबंधित विद्यार्थियों के प्रश्नों के जबाब भी दिए गए साथ ही चित्रकला एवं मौखिक प्रतियोगित भी हुई और सभी विजेताओं को पुरुष्कार देकर प्रोत्साहित किया गया अंत मे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में अरिहंत कोचर (भारतीय वन सेवा) प्रभारी वन परीक्षेत्र अधिकारी सलेहा एवं मास्टर ट्रेनर अजय चौरसिया,शिक्षक गण एवं समस्त वन विभाग सलेहा की उपस्थिति रही।

# नाबालिग के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 07.10.2022 को अभियोक्त्री की मां ने थाना सलेहा पर उपस्थित होकर इस आशय का लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है कि 06. अक्टू.2022 को दोपहर लगभग 12:00 बजे उसकी बड़ी लड़की/अभियोक्त्री तलैया में दुर्गाजी के विसर्जन में गयी थी वह दोपहर लगभग 01:00 बजे रोते हुए घर आयी और बताया कि रास्ते में छोटू उर्फ सुखेन्द्र ने उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ किया तो वह रोने लगी तो अभियुक्त ने उसके गाल पर थप्पड़ मारा और बोला कि चुप हो जाओ, फिर घर आ गया तो छोटू डग्गा से उतरकर चला गया। उस समय घर पर उसका पति नहीं था। इसके बाद अभियुक्त छोटू और उसके घर वाले उसके घर के बाहर आकर चिल्लाने लगे, गाली गलौच कर रहे थे तथा अभियुक्त बोला कि उसके घर के सामने से निकलोगे तो जान से खत्म कर देंगे। शाम को उसका पति घर आया तो उसने उक्त घटना के बारे में अपने पति को बताया। इसके बाद वह थाने पर



रिपोर्ट करने आयी है। अभियोक्त्री की मां के लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्त छोटू उर्फ सुखेन्द्र के विरूद्ध थाना सलेहा में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए एवं घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक/वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी छोटू उर्फ सुखेन्द्र वर्मा के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय श्रीमान महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के न्यायालय द्वारा आरोपी - छोटू उर्फ सुखेन्द्र वर्मा को क्रमशः धारा-323 भादसं. एवं 9(ड)/10 पॉक्सो एक्ट के आरोप में 03 माह का कठोर कारावास, 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रूपए, 2000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



# विकास पर शिकायत की पड़ताल

**अजयगढ़।** सच दिखाना सच की पड़ताल करना भी मीडिया की जिम्मेदारी है इसी सच की पड़ताल करने प्रदेश टुडे पहुंचा है अजयगढ़ जनपद की किरतपुर पंचायत जहां एक महिला के द्वारा एक शिकायत की गई थी कि ग्राम पंचायत की प्रधान के द्वारा उसके खेत से सड़क बनाई जा रही है जिसमे उसका खेत दबाया जा रहा है, सच को जानने हम आज पहुंचे हैं किरतपुर के उसी रास्ते में है जहां 900 मी, का एक रोड ग्राम पंचायत के द्वारा बनवाया जा रहा है इसी निर्मादाधीन रोड से लगा हुआ शिकायतकर्ता महिला मीरा का खेत सड़क किनारे से लगा हुआ है, शिकायतकर्ता महिला ने सड़क निर्माण में अपना खेत दबाने की शिकायत कलेक्टर से की है, महिला की शिकायत पर जब ग्रामीणों का पक्ष मौके पर जाकर जाना गया तो ग्रामीणों ने महिला की शिकायत को निराधार बताते हुए सड़क निर्माण मैं ग्रामीणों के विकास के हित की बात की! इसके अलावा कई ग्रामीणों ने किरतपुर पंचायत में ग्राम पंचायत की सरपंच के किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना भी की, गांव के लोगों ने गांव के आंगनवाड़ी केंद्र से लेकर स्कूलों की व्यवस्थाओं से रूबरू करवाते हुए कहां की यह अजयगढ़ जनपद की पहली ऐसी पंचायत है जहां निरंतर विकास हो रहा है विकास की वजह से इस पंचायत में आज तक किसी ने पंचायत की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी नहीं की है यहां के सरपंच के पति बबीता रामबाबू गौतम के द्वारा गांव की हर बेटी की शादी में 11000 की उपहार सामग्री भी दी जाती है! वही इस मामले में राजस्व निरीक्षक का कहना है कि रास्ते की नाप हो चुकी है, बनाए जा रहे रास्ते में शिकायतकर्ता की जमीन नहीं है।



# नीति, धर्म और मर्यादा का नाम है श्री रामः ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी

**पन्ना।** अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पन्ना में एक विशेष कार्यक्रम दीप प्रज्वलन का रखा गया। जिसमें बीके सीता बहन ने सभी को इस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हर मन, हर घर राममय हो गया, चारों दिशाएं प्रकृति भी प्रफुल्लित हैं यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए उत्सव, उल्लास और आनंद का दिवस है। इस मंगल वेला के इंतजार में सदियां बीत गई, आज हमें यह जानना बेहद जरूरी है कि आखिर पूरी सृष्टि में श्री राम ही क्यों मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए? क्यों उनके जीवन के प्रत्येक कर्म में आदर्श और धर्म परायणता की छवि दिखती है? उन्होंने कैसे अपने दिव्य गुणों, विशेषताओं और कर्म से त्रेता युग से लेकर जन-जन में अपनी अलौकिक दिव्य और आदर्श छवि से सदा सभी को मोहित और प्रेरित किया? हमारी सोच और कर्म हमारे व्यक्तित्व का आईना होते हैं, आज श्री राम के जीवन से यदि हम चंद्र गुणों और विशेषताओं को भी आत्मसात करते हैं तो हमारा जीवन भी महान बन जाएगा, हम देवत्व की ओर बढ़ जाएंगे। आगे आपने कहा कि, धैर्यता, दयालुता, नेतृत्व कला, आदर्श भाई , मित्र भाव, आज्ञाकारी पुत्र, दातापन आदि ही वे गुण हैं, जिन्होंने श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाया। धैर्यवान व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता, यश, कीर्ति और सम्मान पाता है। धैर्यता हमें समस्याओं का सामना करने की शक्ति प्रदान करती है। दया धर्म का मूल्य है, दयालु व्यक्ति ईश्वर के सबसे नजदीक और पास होता है जिसमें दयालुता नहीं उसे इंसान होने का हक नहीं। दयालु व्यक्ति सभी के मन को मोह लेता है वह लोकप्रिय बन जाता है। श्री राम के मन में भी सदा सभी के प्रति दयालुता का भाव रहा। इसी प्रकार दिलों पर भी वही राज कर सकता है जिसमें नेतृत्व करने की कला हो। एक अच्छा लीडर वही होता है जो सबको साथ लेकर चले, सभी के सुख-दुख में सहभागी हो। जिस घर में भाइयों में एकता, आपसी विश्वास, प्रेम, सम्मान का भाव होता है वह परिवार दुनिया की हर समस्या का सामना कर सकता है। एकता में ही विजय है, एकता आपस में जोड़ती है। श्री राम का अपने भाइयों से अपार स्नेह और प्रेम था, जो उन्हें आपस में जोड़े रखा। आज हर कोई अच्छा मित्र चाहता है लेकिन खुद किसी का अच्छा हितेषी और विश्वासपात्र मित्र नहीं बनता। श्री राम ने केवट, सुग्रीव, निषादराज और विभीषण से मित्रता निभाई और सदा उन्हें संकटों से उवारा। श्री राम ने एक आज्ञाकारी पुत्र का दायित्व भी निभाया, पिता के वचन की लाज रखने के लिए राजाई छोड़कर पूरे 14 वर्ष वनवास का कठिन और दुर्गम रास्ता खुशी-खुशी चुना लिया। ऐसे महान उत्सव पर महान अवसर पर हम सभी श्री राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें एवं अपना जीवन मर्यादा से संपन्न बनाएं। इस उपलक्ष में सभी भाई बहनों ने दीप प्रज्वलित करके आदर्श बनने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सद्भावना प्रमुख श्री रामेश्वर प्रसाद एवं अन्य गणमन लोग उपस्थित रहे।



सभी ने श्री राम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



# पति के हत्यारे को सजा दिलाने पत्नी ने कलेक्टर और एसपी से लगाई गुहार

**पन्ना। जिले के सलेहा थाना अंतर्गत ग्राम हरीरा निवासी अर्चना लोधी पति स्वर्गीय भरत लोधी ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर सलेहा थाना प्रभारी सरिता तिवारी पर हत्या के मामले को आत्महत्या का रूप देने के आरोप लगाते हुए मामले की जांच और हत्यारों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलवाने की मांग उठाई गई है।**



### सलेहा थाना प्रभारी पर हत्या के मामले को आत्महत्या का रूप देने के आरोप

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि आवेदिका के पति भरत लोधी का 1 जनवरी 2024 को शाम 6 बजे गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसमें पांच लोगों ने भरत के साथ मारपीट की थी उसके बाद रात्रि में गांव की शीला लोधी पति स्वर्गीय बेटा लाल लोधी द्वारा घर पहुंच कर जान से मारने की धमकी दी थी। रात लगभग 8 बजे खुशीराम ने फोन कर पुरुषोत्तम की बारी में पार्टी करने के लिए बुलाया जहां जाने के बाद भरत वापस नहीं लौटा। अगले दिन जेठ ने बताया कि रात लगभग 10 बजे भरत ने फोन कर अपनी जान को खतरा बताया था। तभी से कुछ पता नहीं चल रहा। थाना सलेहा में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई गई इसके बाद 4 जनवरी 2024 को पानी की टंकी में भरत की लाश मिली, जहां केवल घुटनों तक पानी था पुलिस द्वारा कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, थाना प्रभारी सरिता तिवारी ने दबाव डाल कर कोरे कागज में मृतक के परिजनों के हस्ताक्षर करवा लिए। सलेहा थाना के मुंशी के द्वारा मृतक के परिजनों से बदसलूकी पूर्वक व्यवहार किया गया और रिपोर्ट फाड़कर फेंकने की धमकी दी गई, जिसका वीडियो भी बना है। 9 जनवरी को मृतक के परिजनों के द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंपा गया जिसके बाद से अनावेदक शीला लोधी एवं उसके भाई राजू लोधी के द्वारा मृतक के परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिससे पूरा परिवार डरा हुआ है। फरियादियों के द्वारा 23 जनवरी 2024 को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर मामले की जांच और हत्यारों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलवाने की मांग उठाई गई है।

## खबर संक्षेप

### जिला जनसुनवाई में 61 आवेदन प्राप्त हुए



**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में आम लोगों से प्राप्त 61 आवेदनों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये। जनसुनवाई में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की अलग से समस्या सुनी। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुये।

### सीएम स्वेच्छा अनुदान से 1.80 लाख की सहायता राशि स्वीकृत, 4 लोगों का होगा उपचार

**छतरपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ति 4 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 1.80 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मास्टर अनिल पिता जगन्नाथ कुमार कुशवाहा निवासी ग्राम गंज को 35 हजार, नत्थू पिता खुदुवा यादव निवासी ग्राम धरमपुरा को 65 हजार और अनवर पिता करीम निवासी वार्ड न. 24 कोतवाली मार्ग छतरपुर एवं सीताराम पिता हरप्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम बमीठा को 40-40 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### उपाधि के लिए 31 जनवरी तक करें आवेदन

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर का तृतीय दीक्षांत समारोह 14 फरवरी 24 को आयोजित किया जा रहा है। सत्र 2022-23 में स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण जो विद्यार्थी गौरवपूर्ण दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर उपाधि से विभूषित होना चाहते हैं वे दिनांक 31 जनवरी 24 तक निर्धारित प्रपत्र के साथ रूपये 400/- उपाधि शुल्क एवं रूपये 500/- पंजीयन शुल्क तथा दिनांक 05 फरवरी 24 तक अतिरिक्त विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त आवेदकों को ही उपाधि प्रदान की जायेगी।

### 1100 दीप जलाए, श्रीराम की हुई महाआरती



**छतरपुर।** भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां देश भर में उत्साह के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित हुईं वहीं जिला मुख्यालय में हिन्दू उत्सव समिति ने भी अपनी ओर से गिलहरी के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया। स्थानीय चौपाटी में जहां 1100 दीपक जलाकर दीवाली जैसा उत्साह देखने को मिला वहीं सर्दीली हवाओं के बीच स्कूली बच्चों से लेकर विद्यालयों की अन्य प्रतिभाओं ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए अतिरिक्त कलेक्टर नमःशिवाय अरजरिया ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरत है। वे जीवनभर मर्यादा का संदेश देते रहे।

## झांसी खजुराहो फोरलाइन पर हुए हादसे में सभी यात्री सुरक्षित

# ग्वालियर से रीवा जा रही थी यात्री बस, ब्रेक पैडल जाम होने से चलती बस में लगी आग

**नौगांव।** ग्वालियर से रीवा जा रही एक यात्री बस में सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात आग लग गई, आग लगने से बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आग लगने पर ड्राइवर की सूझबूझ से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से बस की आग पर काबू पाया गया।



जानकारी के मुताबिक नौगांव थाना क्षेत्र के सिंगरावन गांव के पास से निकले फॉरलाइन हाइवे 39 पर अचानक से चलती बस में आग लग गई। बस क्रमांक यूपी 83बीटी 2085 ग्वालियर से चलकर रीवा की ओर जा रही थी। तभी रात के 3 बजे के लगभग बस के ब्रेक पैडल जाम होने से पिछले टायर में आग लग गई। टायर में लगी आग धीरे धीरे तेज होने लगी, बस में आग तेजी से फैलती इससे पहले बस के चालक ब्रजभान सिंह किरार एवं कंडक्टर महावीर की सूझबूझ से बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। इसी बीच बस में आग लगने की खबर भी पुलिस को हो गई। नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मोर्चा सम्हालते हुए नपा की फायर बिग्रेड को बुलाया। फायर बिग्रेड की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन उससे पहले ही बस पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा सम्हाल लिया था, फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पा लिया, साथ ही हादसे से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## श्रद्धांजलि अभियान में कलेक्टर ने 5 आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे, सच्ची श्रद्धांजलि



**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में श्रद्धांजलि अभियान चलाया जा रहा है। जिसके सार्थक परिणाम आ रहे है। इस अभियान अंतर्गत जिले के दिवंगत आमजनों के भूमि आदि के फौती नामंतरण किये जाते हैं। इसी अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशन में दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजन को अनुकंपा नियुक्ति देने की तत्काल प्रक्रिया की जाती है। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में छतरपुर जिला प्रशासन अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने में उदाहरण बनकर उभरा है। जहाँ नई ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों की राह से अनुकंपा नियुक्ति की उम्मीद लगाए चेहरों पर खुशियां बिखर रहीं हैं। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से नियुक्तियां मिल रहीं है। साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया को बहुत ही आसान किया गया है, जिससे आवेदकों को बहुत ही कम समय में अनुकंपा नियुक्ति मिल रही है। मंगलवार को श्रद्धांजलि अभियान में कलेक्टर श्री जी.आर. ने पांच आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर दिवंगत शासकीय सेवकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। अनुकंपा नियुक्ति के आवेदक शिवांश पाण्डेय को भृत्य के पद पर शा. हाईस्कूल देरी, देवेन्द्र कुमार तिवारी को प्राथमिक शिक्षक के पद पर शा.प्रा. शाला मोटे का पुरवा, श्रीमती रेखा रैकवार को भृत्य के पद पर शा. अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय छतरपुर, अतुल द्विवेदी को भृत्य के पद पर शा.उ.मा.वि. चन्द्रनगर एवं गौरव कुमार रैकवार को प्राथमिक शिक्षक के पद पर शा.प्रा. शाला कंजरपुर में अनुकंपा नियुक्ति मिली है। कलेक्टर श्री जी.आर. ने नियुक्ति पत्र सौंपकर सभी को अच्छा काम करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. कौटार्य उपस्थित रहे। प्रशासन की संवेदनशीलता के चलते 33 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति मिल चुकी है।



## प्रभारी सीईओ भागीरथ तिवारी के खिलाफ जांच करने पहुंची जिले की टीम



**नौगाँव।** जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ भागीरथ तिवारी द्वारा की गयी अनियमितताओं की शिकायत जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक द्वारा कलेक्टर छतरपुर से की गई थी। शिकायत में हेमलता पाठक द्वारा कहा गया कि बगैर अध्यक्ष समिति के अनुमोदन के भागीरथ तिवारी ने मोटी कमीशन लेकर पंचायतों को राशि वितरण कर दी। उन्होंने बताया की सीईओ ने मीटिंग बुलाना भी मुनासिब नही समझा। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया की 18 लाख 25 हजार की राशि का बंदर बाट कर लिया। वही जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा कैश बुक में टैंट हाउस के फर्जी बिल लगाकर 3 लाख का भुगतान कर दिया जिसकी शिकायत हेमलता पाठक द्वारा पूर्व में नौगांव प्रवास के दौरान कमिश्नर से भी की थी। वहीं भागीरथ तिवारी द्वारा मनरेगा के कार्यो का पैसा उस पंचायत को बगैर अनुमोदन के देते है जो ज्यादा कमीशन देते है इसलिए मनरेगा की जांच करानी होगी कैशबुक में फर्जी बिलो की जांच हेतु जनपद अध्यक्ष राकेश हेमलता पाठक ने लिखा था इनके द्वारा जनपद पंचायत नौगाँव से पत्र क्रमांक 1665 दिनांक 04, 05, 2023 में लिखा था कि नियमो से हट कर काम स्वीकृत किये है। भुगतान हेतु सीईओ जिला पंचायत से राशि मांगी थी, लेकिन राशि नही आई, वही काम नियम से हो गए और करारा गंज पंचायत को 6,50 लाख का भुगतान कर दिया गया। इनके द्वारा फाइल स्वीकृत से लेकर भुगतान तक भिन्न भिन्न प्रकार के कमीशन लिए जाते है। जबकि यह कार्य एसडीओ के है। टेक्निकल का काम भी इन्होंने अपने अधीन रखा है। यह आरोप जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता पाठक द्वारा शिकायती आवेदन में किये थे। जिसकी जांच हेतु तीन सदस्यीय दल मंगलवार को जनपद में कागजों को खंगालते नजर आए और सम्बंधित कागजो की फोटो कॉपी साथ ले गये। जांच टीम में बिनोद श्रीवास्तव कोषालय अधिकारी छतरपुर ,सुभाषनी जैन वरिष्ठ लेखा अधिकारी छतरपुर, चन्द्रसेन सिंह अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी छतरपुर शामिल रहे।

## अज्ञात कारणों से युवक ने दुकान में लगाई फांसी, जेब में मिला सुसाईड नोट

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के सागर रोड पर मंगलवार को होम डेकोरेशन दुकान संचालक ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी दुकान के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जांच के दौरान मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट पुलिस को मिला है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। मृतक के परिजन मो. मुसिर खान ने बताया कि मृतक शाहरुख उर्फ शालू पुत्र जहूर खान उम्र 24 वर्ष निवासी देरी रोड, शहर के सागर रोड पर शांति नगर कॉलोनी की गली नंबर 3 के सामने जैनिथ होम डेकोरेशन नामक दुकान का संचालन करता था। मंगलवार को शाहरुख ने सुबह करीब 9 बजे दुकान खोली थी और इसके कुछ समय बाद दुकान के भीतर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाहरुख ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इस बारे में परिजनों को कोई जानकारी नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शाहरुख के शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्यवाही के बाद उसकी तलाशी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर जांच शुरु की गई है। बताया गया है कि पुलिस को मिले सुसाइड नोट में किसी प्रदीप द्विवेदी का नाम सामने आया है। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।



## कैंटाबिल का नया स्टोर खुला

**छतरपुर।** परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने छतरपुर में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 667 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैलाए ब्रांड का यह स्टोर शॉप नंबर 215ए अपोलो क्रॉसरोड बस स्टैंड के पास छतरपुर मध्य प्रदेश में स्थित है। नया कैंटाबिल रिटेल स्टोर अपने ग्राहकों को रिटेल अनुभव के भविष्य की झलक पेश करता है जो कि प्रतिस्पर्धी मूल्य पर अपने ग्राहकों के लिए मेंस वियर, एक्टिव वियर, फुटवियर तथा एक्सेसरीज की सम्पूर्ण रेंज पेश करता है। इस स्टोर के खुलने के साथ ही कैंटाबिल रिटेल पूरे भारत में 516 स्टोर तक पहुंच गया है और अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार जारी रखने की योजना बना रहा है।स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुएए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशकए दीपक बंसल ने कहा हमें छतरपुर में अपने पहले एक्टिव वियर रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है जिससे कि अब शहर में स्टोर की संख्या 3 हो चुकी हैं।

## भारत को घोषित किया जाना चाहिए हिंदू राष्ट्र : मुन्ना तिवारी

**छतरपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा बाला साहेब ठाकरे की जयंती पर बाला साहेब ठाकरे स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने भारत को हिन्दु राष्ट्र घोषित किए जाने की बात कही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन मिश्रा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कपिल खुराना, जयनारायण अग्रवाल, शंकर सोनी, जय कुमार जैन, आलोक टिकरया, अभिषेक चतुर्वेदी मंचासीन रहे।शिव सेना की युवा इकाई युवा सेना के जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी ने बताया कि सम्मान समारोह के दौरान नगर में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया और सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे संजय नामदेव को बालासाहेब ठाकरे स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल, पवन मिश्रा और डॉ. कपिल खुराना को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि पूरा देश बाला साहेब के योगदान को भूल नहीं सकता। अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा एवं मंदिर निर्माण के संघर्ष में बाला साहेब का अद्वितीय योगदान रहा है। इसके अलावा हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा और डॉ. कपिल खुराना ने बाला साहेब के जीवन पर प्रकाश डालकर उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया, साथ ही शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी द्वारा कही गई भारत को हिन्दु राष्ट्र घोषित किए जाने की बात का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ तिवारी ने किया।



## स्कूटी सवारों से 30 हजार की देशी शराब जब्त

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने बीती रात स्कूटी से शराब तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया। बिना नंबर प्लेट की स्कूटी से शराब तस्करी करते पकड़े गए दोनों ही आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी बताए जा रहे हैं। माधव नगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि गत रात लगभग 10:30 बजे जब स्टाफ क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर भ्रमण कर रहा था इस दौरान संदिग्ध अवस्था में स्कूटी से जाते हुए दो युवकों को देखा गया। बिना नंबर की सिल्वर कलर की स्कूटी से जा रहे दोनों युवकों को घेराबंदी करके माधव नगर थाना क्षेत्र के एमईएस कॉलोनी में एक आइसक्रीम पार्लर के पास पकड़ा गया। जांच के दौरान आरोपियों के पास से 300 पाव देसी मसाला एवं प्लेन शराब जप्त की गई।

## 4 सालों से फरार हत्या के इनामी आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**छतरपुर।** पिछले करीब 4 वर्षों से फरार चल रहे बमीठा थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने की कार्यवाही की है। एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम सांदनी में एक युवक की हत्या की गई थी। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने 7 लोगों के विरुद्ध धारा 302, 294, 147, 148, 149, ता.हि. 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण के 4 आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम घोषित कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में बमीठा थाना पुलिस द्वारा एक आरोपी बड़े राजा उर्फ कौशल सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी धारखेड़ी थाना बहेरिया जिला सागर को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी के मुताबिक पुलिस को ग्राम सांदनी के समीप आरोपी के मौजूद होने की सूचना मिली थी जिसके आधार पर दबिश देकर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इस कार्यवाही में बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पक शर्मा के अलावा उपनिरीक्षक एमएल मरावी, सहायक उपनिरीक्षक अशोक शर्मा, कमलेश द्विवेदी, कार्यवाही प्रधान आरक्षक हरीराम वर्मा, जयराम, आरक्षक नीकेश, मुलायम सिंह, अमित सिंह, मनीष चौरसिया, कमल सिंह और अखिलेश मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## विंध्यनगर में रामलला के आगमन का उत्सव



### श्री श्री सर्वेश्वर मंदिर में भक्ति भरी धूप आरती



इतिहास में शानदार रूप से 22 जनवरी को राम लल्ला के घर लौटने का जश्न मनाया गया। जिसमें विंध्यनगर के श्री श्री सर्वेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति ने अपने शिव मंदिर परिसर में एक श्रृंगारी प्रयास किया। दिन की शुरुआत सुबह 9 बजे से हुई श्री सुंदरकांड के संगीतमय पाठ से जिसमें एनटीपीसी कर्मचारियों और सहयोगियों ने भक्तिभाव से भरी धुन में प्रदर्शन किया। इसके बाद मंदिर में होने वाले आरती और प्रसाद वितरण के साथ विविध कार्यक्रमों ने स्थानीय जनता को आकर्षित किये जाने अपने आदर्श की ओर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**आत्मीयता की रोशनी राम ज्योति का प्रज्वलन**-सायंकाल में परियोजना प्रमुख श्री सत्य पानी कुमार और समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक ओ एंड एम राजेश भारद्वाज ने श्री राम ज्योति को प्रज्वलित करने के साथ ही 501 दीपकों की रोशनी से मंदिर परिसर को प्रकाशित किया। भजन संध्या के बाद महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआए जिसने श्रद्धालुओं को आनंदित किया और समिति के प्रयासों को समर्थन दिया। मंदिर समिति ने इस प्रकार के भव्य कार्यों का आयोजन करके समुदाय के बीच एक शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण का संचार किया है जिसे स्थानीय निवासियों ने उच्च मूल्यांकन दिया है।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज में कलेक्टर गणतंत्र दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण



**मऊगंज।** जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर पर आयोजित किया जाएगा जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सम में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:00 बजे से आयोजित किए जाएंगे, जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश की उपलब्धियां तथा नए कानून के संबंध में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिले के सभी नगरीय निकाय, जनपद पंचायतें, ग्राम पंचायत तथा सभी शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा।

### रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत समितियों में संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं। दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित तमरादेश के लिये सहकारी निरीक्षक नीलेश पाण्डेय, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित जरहा एवं देवरी के लिये सहकारी निरीक्षक विकास माठे तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मनिकवार के लिये सहकारी निरीक्षक एमएल साकेत को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने भास्कर की पूजा कर दिन का दौरा किया आरम्भ

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री (कुटीर एवं ग्रामोद्योग) दिलीप जायसवाल ने दिन अपने का शुभारंभ नगर के देवी तालाब स्थित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के साथ आरंभ किये। सूर्य सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने देवी मंदिर स्थित सूर्य मंदिर में मंत्री श्री जायसवाल का स्वागत करते हुये मंदिर मंदिर के पुजारी अवध बिहारी तिवारी के द्वारा विधि विधान के साथ भगवान श्रीभास्कर की पूजा अर्चना सम्पन्न कराया गया वही मंत्री द्वारा नगर के दूसरे तालाब भवनिया में श्रीरामचंद्र के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी भवनिया तालाब पर श्रीरामचंद्र मंदिर का भूमि पूजन किये। सूर्य मंदिर देवी तालाब पर आज सुन्दर कांड संकीर्तन का मंत्री ने आरम्भ किये साथ में सूर्य सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रमा सिंह और डीडी गिरि, प्रेम चंद्र यादव, बालेन्द्र सिंह परिहार, सुनील पासी पत्रकार समेश यादव, रामचरण यादव, तेजभान सिंह, रन्जीत सिंह, त्रिशुल यादव, दिनेश परमार, अभिजीत सिंह, सूर्य मंदिर के पुजारी अवध बिहारी तिवारी, भवनिया तालाब पर तरुन्द्रेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र महरा, चप्पू उर्फ मितेश मित्तल, शंभु साहु, रिन्कू शर्मा, राहुल सिंह, पप्पु प्रसाद यादव, गंगा प्रसाद झारिया आदि उपस्थित रहे।

### सिंधु भवन में विविध कार्यक्रम किये आयोजित

**अनूपपुर।** भारतीय सिंधु समाज अनूपपुर द्वारा श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सिंधु भवन में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समाज के सभी सदस्यों व महिला बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया पूजा पाठ, राम धुन के बाद भंडारा हुआ केवलानी, गोविंद राम थावानी, प्रदीप चांदवानी सहित सभी सदस्य उपस्थित हुए।

देशव्यापी आंदोलन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने किया गया धरना प्रदर्शन

# कांग्रेस पार्टी का आरोपः असम में हुई घटना भाजपा की सोची समझी साजिश

**रीवा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा समर्पित उपद्रवियों द्वारा न्याय यात्रा पर हमला किया गया जिससे वह और उनका काफिला बुरी तरह से घायल हो गया। साथ ही दिनांक 22 जनवरी 2024 को असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा के इशारे पर संत शंकर देव के मंदिर में दर्शन करने से उन्हें रोका गया। जबकि इसकी अनुमति उन्हें पूर्व से थी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सुनियोजित तरीके से हिंसक हमलो एवं धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाने कलेक्ट्रेट परिसर रीवा के समक्ष जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षद्वय इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं लखनलाल खण्डेलवाल के निर्देशन एवं महापौर अजय मिश्रा (बाबा) के मुख्य आतिथ्य व कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुंवर सिंह की अध्यक्षता में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा (बाबा) ने भाजपा द्वारा सुनियोजित तरीके से किये गये आदरणीय राहुल गांधी एवं उनके काफिले पर हमले को कायराना हमला निरूपित किया और कहा कि आगे आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी गांव गांव, घर घर जाकर लोगों को भाजपा का चाल चरित्र उजागर करेगी। अध्यक्षता कर रहे कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए भाजपा और आर एस एस पर जमकर हमला बोला और सभी कांग्रेस जनों को संविधान की रक्षा करने एवं भाजपा की तानाशाही को रोकने के लिए संघर्ष का आहवान किया।



कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा इस अवसर महान क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सफल संचालन ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने जबकि आभार प्रदर्शन शहर के कर्मठ संगठन मंत्री सज्जन पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी रामगरीब बनवासी, गोविंद दास तिवारी, सरदार प्रहलाद सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, बृजभूषण शुक्ला, कविता पाण्डेय, वसीम राजा, मानवेन्द्र सिंह नीरज, अनिल मिश्रा, रमाशंकर सिंह, सत्यनारायण तिवारी, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह सलैया, हर्षलाल शुक्ला, कुंज बिहारी तिवारी, मुस्तहाक खान, जी.पी. त्रिपाठी, रमेश पटेल, तारा त्रिपाठी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश द्विवेदी, जीतेन्द्र सिंह, पद्मदीप शुक्ला, नरेन्द्र सिंह तिवारी, कमलेश कुमार पटेल, सुंदरलाल चौधरी, पार्षद धनेन्द्र सिंह बघेल, नजमा बेगम, मनीष नामदेव, सूफिया बेगम, अकरम अंसारी, आरती बक्सरिया, सहफूज खान, श्याम किशोर मिश्रा, रामप्रकाश तिवारी डैडू, अमित चौबे, लियाकत अली, अनिल तिवारी, आनंद कुशवाहा, अशोक सिंह बुड़वा, डॉ. विमल दुबे, डॉ. स्वतंत्र सिंह, प्रभा सोहगौरा, अर्चना द्विवेदी, ममता सिंह, प्रभा मिश्रा, देवती साकेत, सुशीला कुशवाहा, सुरेश वर्मा, सुशील कुशवाहा अमित द्विवेदी, नासिर अंसारी, राजेन्द्र तिवारी, राजेश मिश्रा बब्बू, भगवान सिंह तिवारी, मानिक लाल सोनी, रफीक मनिहार, प्रदीप अवस्थी, आर. एस. मिश्रा, प्रेमलाल विश्वकर्मा, पंकज उपाध्याय, सत्यम मिश्रा, शिवम मिश्रा, ऋषि त्रिपाठी, शशि कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह रिमारी, अंजनी द्विवेदी, संजय तिवारी, केशव वर्मा, भूपेश द्विवेदी, राहुल सिंह, राजेश द्विवेदी, राहुल मिश्रा, अनुराग सिंह, जयप्रकाश श्रीवास्तव, अरविंद पटेल, नुरूल हसन, भोला प्रसाद पटेल, छोटेलाल रजक, सुनील द्विवेदी, सूरज मिश्रा, शुभम कुशवाहा, मनोज पटेल, दिगम्बर प्रसाद पाण्डेय, रोहिणी साकेत, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, गेनरी पटेल, दिनेश सेन, मुन्नालाल जयसवाल, रामस्वरूप झंझोट, लकी सिंह, संतोष सिंह, शिवम साहू, सुनील द्विवेदी, सुनील तिवारी, तनवीर अहमद खान, दिग्विजय सिंह, धर्मराज चतुर्वेदी, उदित नारायण तिवारी, रमेश प्रसाद तिवारी, बृजेश बिसेन, पुष्पेन्द्र तिवारी, धनंजय पटेल, शिवम साहू, नूर अफजल अंसारी, लक्ष्मण कुशवाहा, रामानुज कुशवाहा सहित सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## अधिकारी जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें - अपर कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जन सुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आम जनता से मिले 49 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सात दिनों की समय सीमा में आवेदन पत्रों के निराकरण के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने कहा कि जन सुनवाई शासन की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। सभी अधिकारी प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित समय प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों पर तत्परता से कार्यवाही कर समुचित निराकरण करें।



किसी भी आवेदक को आवेदन पत्र के निराकरण के लिए पुनः जन सुनवाई में आने की आवश्यकता न रहे। संवेदनशीलता के साथ आवेदनों का निराकरण करें। जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। जन सुनवाई में आवेदिका सुधा यादव रसोईया ग्राम रमपुरवा को छः माह के लंबित मानदेय का मौके पर ही भुगतान कराया गया।जन सुनवाई में ओमप्रकाश गिरि निवासी कोष्टा ने बिजली बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को बिलों का परीक्षण कर समुचित सुधार के निर्देश दिए। दयानंदन मिश्रा निवासी ग्राम चौरा ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को सात दिवस में आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। मदन सिंह निवासी महसांव ने जमीन के नक्शा तरमीम तथा आबादी भूमि घोषित कराने के संबंध में आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम गुढ़ को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। सुरेश कुशवाहा निवासी मझगवां ने जल संसाधन विभाग की क्षतिग्रस्त नहर में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को नहर में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जन सुनवाई में नामांतरण, पेंशन प्रकरण, मजदूरी भुगतान, भू अर्जन का मुआवजा सहित विभिन्न प्रकरणों में सुनवाई की गई।

## दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में मध्य प्रदेश की झांकी में समृद्धि और महिला सशक्तिकरण की झलक दिखेगी

### भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला फाइटर रीवा की अवनि चतुर्वेदी लड़ाकू विमान से साथ दिखेगी



**रीवा।** विकास का मूल मंत्र - आत्मनिर्भर नारी पर केंद्रित मध्यप्रदेश की झांकी दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह 2024 की शोभा बढ़ाएगी। झांकी में प्रदेश की समृद्धि, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का प्रदर्शन होगा। प्रदेश की झांकी आत्मनिर्भर और प्रगतिशील नारीशक्ति पर केंद्रित है। आधुनिक सेवा क्षेत्र से लेकर लघु उद्योग और पारंपरिक क्षेत्र में समान रूप से सक्रिय प्रदेश की महिलाओं की उन्नति को इस झांकी में दर्शाया गया है। झांकी में खेत-खलिहान से लेकर वायुयान तक प्रदेश की नारी की प्रगति का प्रदर्शन किया गया है। झांकी के अग्रभाग में भारतीय वायुसेना की प्रथम महिला फाइटर पायलट रीवा की अवनि चतुर्वेदी मिग बाइसन लड़ाकू विमान के साथ दिखाई गई हैं। अग्रभाग के निचले हिस्से में गोंड चित्रकारी प्रदर्शित की गई है। झांकी के मध्य भाग में महिला कलाकार मटके पर चित्रकारी का सजीव प्रदर्शन कर रही है। चंदेरी के बादल महल गेट की पृष्ठभूमि में बुनकर महिलाएं चंदेरी, महेश्वरी और बाघ प्रिंट साड़ियों का विक्रय हेतु प्रदर्शन कर रही हैं। मध्य भाग के निचले हिस्से में पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती दुर्गाबाई की गोंड भित्ति चित्रकारी और साथ में स्टोन कार्विंग करते हुए महिला कलाकार दिखाई दे रहे हैं। झांकी के पृष्ठ भाग में ₹मिलेट वूमन ऑफ़ इंडिया₹ के बैनर के नीचे बांस टोकनियों में रखे विभिन्न प्रकार के श्रीअन्न के साथ डिंडोरी जिले की सुश्री लहरी बाई की प्रतिकृति दिखाई गई है। इसके निचले हिस्से में विभिन्न श्रीअन्न से निर्मित भित्ति चित्र दिखाए गए हैं। झांकी के साथ ₹विकसित-सक्षम-सशक्त-समृद्ध, हमारा प्यारा मध्य प्रदेश₹ की धुन पर महिला कलाकारों का समूह मालवा अंचल का मटकी लोक नृत्य करता चलेगा।

## गणतंत्र दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे समारोह

**रीवा।** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समारोह में आकर्षक परेड के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा।

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियाँ निकाली जाएंगी। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर 21 जनवरी से ही सभी शासकीय भवनों में रोशनी कर दी गई है। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से आरंभ होगा जिसमें जबलपुर और सिंगरौली के लोक कलाकारों के दल आकर्षक प्रस्तुति देंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्र गान का गायन होगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में प्राथमिक उपचार की सुविधा सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह में सांसदगण, विधायकगण, महापौर, पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों, सैन्य व असैनिक अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वयोवृद्ध हैं अथवा अस्वस्थ हैं उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

**21 हजार दियों से जगमगाई चिरहुला मंदिर, भक्तों ने बनाई अति मनमोहक रंगोली**

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा राममय हुई चिरहुला मंदिर

**रीवा।** अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उल्लास में जिलेवासी भी राममय हो गए। हर तरफ लोग सदियों बाद साकार हो रहे सपने की खुशी में सराबोर नजर आए। शहर से लेकर गांवों तक में सभी छोटे-बड़े मंदिरों को फूलों व झालरों से सजाया गया। हर तरफ भगवा ध्वज फहराते रहे। शोभा यात्राओं और पूजन, प्रसाद वितरण और भंडारा दिन भर होते रहे। शाम को लोगों ने जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। सरकारी भवनों और घरों को बिजली की झालरों से सजाया गया। लोगों ने दीये जलाकर होली से पहले एक बार फिर दिवाली मनाई। वही जिले की सुप्रसिद्ध मंदिर चिरहुला नाथ स्वामी के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा चिरहुला नाथ उत्सव समिति द्वारा विशाल भंडारे सहित 21000 दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रहे श्री शुक्ला मंदिर परिषद में पहुंचकर भगवान चिराहुला नाथ स्वामी का आशीर्वाद लिया और 21000 दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया 16 तारीख से लेकर 22 तक लगातार मानस व सुंदरकांड के पाठ का भव्य आयोजन किया गया मंदिर परिषद को बड़े ही मनमोहन ढंग से सजाया गया समिति के सदस्यों द्वारा अयोध्या मंदिर की तस्वीर के जैसे एक सुंदर रंगोली बनाकर भक्तों का मन मोह लिया वहीं मंदिर की फूलों व झालरों से की



गई विशेष सजावट भी भक्तों को आकर्षित करती रही। यही नहीं अयोध्या में चल रहे कार्यक्रम का लाइव भी एलइडी टीवी पर चल रहा जिसे देख दर्शनार्थियों द्वारा जय श्री राम जय श्री राम के नारे लगाए गए इस प्रसारण के बाद शंख ध्वनि की गड़गड़ाहट से पूरा धाम गूंज उठा। परिसर में चल रहे विविध आयोजनों को देखने के लिए दूर-दूर से भक्त भी पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में चिराहुला मंदिर के मुख्य पुजारी गोकुलानंद प्रसाद त्रिपाठी व सहायक पुजारी निशांत तिवारी (टोनी महाराज) चिरहुला नाथ उत्सव समिति के सदस्य प्रशांत तिवारी नरेंद्र परहुआ द्वारिका प्रसाद मिश्रा सज्जन महाराज ब्रह्मानंद द्विवेदी गोलू गुप्ता विस्मय मिश्रा गौरव सोधिया आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## मऊगंज के 5 थाना क्षेत्रों की सीमा क्षेत्र में परिवर्तन की अधिसूचना जारी

**मऊगंज।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने शासन के निर्देशों के परिपालन में 5थाना क्षेत्रों की सीमा क्षेत्र में परिवर्तन की अधिसूचना जारी कर दी है जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा के बाद दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 2 खंड एश के प्रावधानों के तहत मऊगंज जिले के राजस्व गांव के तहत परिवर्तित गांव को शामिल किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआरी और नीबी को मऊगंज जिले के लौर थाने में शामिल किया गया है। रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुडिला, गढ़वा रामदेव सिंह, रिमरी, सीगटी नानकर, पैकनगांव, मनकहरी, टेढताल, घुचियारी, नया, हरदिहा 1054 डोरी नारदजी, बहेरा, बुडवा, खैरहई ,सो हाई कॉटन, पुरवा, चौराहा, पटपरी, गहिरा, डाडी तथा गढी कुल 19 गांव मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाने में जोड़े गए हैं। इसी तरह नईगढ़ी थाने के ग्राम झूसी ,अटरा,डाढ, फुलहा, मडना, हरदिहा1054 , उसका, बहेरा, जुडमनिया, मुरली, बन्नी, अलौहा तथा जुडमनिया रघुनाथ गांवो को लौर थाने में शामिल किया गया है नईगढ़ी थाने के अमिरती गांव को मऊगंज थाने में शामिल किया गया है।



## भव्य झांकी, सुंदरकांड पाठ के साथ 3 दिन चला अनवरत भंडारा

**मऊगंज।** श्रीराम सेवा समिति सगहन कला द्वारा श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर बड़े हर्षोल्लास से 51 कलश के साथ भव्य झांकी निकाली गई है और जगह जगह पर तीन दिन से अनवरत भंडारा चला । भव्य झांकी कोटहा धाम से 51 कलश के साथ बधाइया कोठार मार्ग होते हुए कई ग्रामों में पहुंची श्रीराम भक्तों के द्वारा जगह जगह पर आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया और दुवगवां में समापन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रीराम भक्त शामिल हुए इसी दौरान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा पूरा मऊगंजदरअसल आपको बता दे की यह भंडारा एवं सुंदरकांड का पाठ लगातार



सगहन कला एवं सगहन खुर्द में लगातार 3 दिन से हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में अनवरत भंडारा चला। झांकी को आकर्षक अनुपम बनाने में सरपंच भाई लालकोल,सचिव इंद्रजीत पांडेय,सूर्यमणि पांडेय , राजनरायण सिंह,राजेश चतुर्वेदी, तरुणेंद्र शेखर द्विवेदी,रत्नाकर पांडेय, सतेंद्र पांडेय (रोजगार सहायक), महेंद्र सिंह,उमेश मिश्रा (सेल्समैन),सतीश मिश्रा,राजेश सिंह,मानेंद्र सिंह,संजीव मिश्रा, विनय उपाध्याय,अनूप सिंह, दीपक सिंह (पत्रकार), हरीश मिश्रा, सत्यम मिश्रा, शिवम साहू, अर्पित मिश्रा, अंबुज सिंह, सनी सिंह, प्रिंस मिश्रा, स्वाति, अन्यवी, गार्वी, अंजली , निधी, स्मिता, स्नेहा, कोमल, प्रियंका, गरिमा, आंचल, रतन, अर्चना एवं सभी राम भक्त शामिल रहे।